Title: Need to link border areas of Bihar and West Bengal on Indo-Nepal border with National Highway - Laid.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित सड़क मार्ग, जो कि पी.डब्ल्यू.डी. बिहार सरकार के अधीनस्थ है, की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस अति पिछड़े इलाके के सुपौल जिला मुख्यालय से पिपरा, त्रिवेणीगंज, जदिया, मरगामा, रानीगंज, अररिया, एन.एच.-57 से जोकीहाट, बहादुरगंज ठाकुरगंज होते गलगलीया, बागडोगरा 31-एन.एच. तक राट्रीय राजमार्ग से जोड़ने से तीन अति पिछड़े जिले को जोड़ते हुए पश्चिम बंगाल प्रदेश के बागडोगरा तक करोड़ों लोगों को यातायात का मुख्य मार्ग से लाभ मिल सकेगा।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसे राट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित करने का कट करेंगे।